# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 23 मार्च ।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय जयपुर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर कांग्रेस सदस्यता अभियान की समीक्षा की। बैठक में डिजीटल सदस्यता अभियान हेतु डेटा एनालिटिक्स विभाग के राजस्थान प्रभारी श्री भूपेन्द्र सिंह राजपूत एवं राजस्थान के संगठन चुनाव हेतु नियुक्त एपीआरओ श्री राजेन्द्र कुम्पावत ने डिजीटल सदस्यता अभियान को सफल बनाने हेतु तकनीकी जानकारी उपस्थित कांग्रेसजनों को दी।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने बैठक में उपस्थित कांग्रेसजनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में डिजीटल सदस्यता अभियान के तहत् लोगों को कांग्रेस से जोड़ने हेतु कम समय शेष रहा है, इसलिए सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान की गति को बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने राजस्थान के कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान हेतु जो लक्ष्य निर्धारित किया है उसे पूरा करने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी प्रभारी पदाधिकारी कल से ही अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में चले जाएं और 31 मार्च, 2022 तक प्रवास में रहकर डिजीटल सदस्यता अभियान को सफल बनाने एवं लक्ष्य प्राप्त करने के कार्य में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती का आधार सदस्यता अभियान होता है तथा संगठन की मजबूती से ही सभी कांग्रेसजनों का अस्तित्व निर्धारित होता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान का सदस्यता अभियान में प्रथम अथवा द्वितीय स्थान देश में रहा है तथा इस वर्ष भी सदस्यता अभियान में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति कर राजस्थान प्रदेश अपने गौरव को बरकरार रखेगा। उन्होंने कहा कि डिजीटल सदस्यता अभियान के तहत् आने वाली सभी तकनीकी परेशानियों को दूर करने हेतु अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने डिजीटल सदस्यता अभियान हेतु समन्वयक नियुक्त किए है जो लगातार सभी जिलों में कांग्रेसजनों के बीच रहकर ही समाधान निकालेंगे। उन्होंने कहा कि देश में कांग्रेस के खिलाफ झूठे तथ्यों के आधार पर लगातार सभी माध्यमों से दुष्प्रचार किया जा रहा है, ऐसी परिस्थितियों में सभी कांग्रेसजनों की जिम्मेदारी अधिक बढ़ जाती है कि जनता के बीच जाकर दुष्प्रचार की सच्चाई उजागर करें। उन्होंने कहा कि राजस्थान प्रदेश में सभी नवनियुक्त बोर्ड एवं निगमों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण डिजीटल सदस्यता अभियान हेतु जिलेवार प्रभारी नियुक्त किए जा रहे है जो कि अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में जाकर

Created by Universal Document Converter

डिजीटल सदस्यता अभियान की गति बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी पदाधिकारीगण, जिलाध्यक्षगण, बोर्ड एवं निगमों के नवनियुक्त अध्यक्षगण, उपाध्यक्षगण, सदस्यगण डिजीटल सदस्यता अभियान हेतु चीफ एनरोलर बनाये जा रहे है जो कि अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में जाकर स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ सदस्यता अभियान को सफल बनाएंगे। उन्होंने कहा कि जो भी नेता एवं कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर उतर कर सदस्यता अभियान के माध्यम से कांग्रेस के लिए समर्थन जुटाएगा उसका अपने क्षेत्र में स्वतः ही मान-सम्मान बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर कार्य करने तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए योगदान प्रदान करने पर कांग्रेस आलाकमान द्वारा महत्वपूर्ण पद एवं जिम्मेदारी देकर सम्मान किया जाता है जिसका सबसे बड़ा उदाहरण वह स्वयं है। उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्ष के रूप में उनके द्वारा किए गए कार्य के आधार पर ही उन्हें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जैसा महत्वपूर्ण पद दिया गया। उन्होंने कहा कि संगठन के लिए योगदान प्रदान करने वाले कार्यकर्ता को श्री राहुल गाँधी महत्व देते है तथा आगे बढ़ाते है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में मुख्यमंत्री महोदय ने ऐतिहासिक बजट पेश किया है जिसके तहत् कृषकों, युवाओं, महिलाओं, छात्रों, दलितों सहित समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री महोदय ने शानदार बजट पेश कर एवं लोकहित की जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया है तथा अब संगठन के पदाधिकारियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि राजस्थान सरकार द्वारा लागू फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ प्रदेश के सभी लोगों तक पहुँचे तथा प्रत्येक व्यक्ति को लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि यदि सभी कांग्रेस कार्यकर्ता जिम्मेदारी के साथ संगठन द्वारा प्रदत्त जिम्मेदारी का निर्वहन तत्परता से करेंगे तो प्रदेश में वर्ष 2023 में पुनः कांग्रेस सरकार बनने से कोई ताकत नहीं रोक सकेगी।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारीगण, प्रदेश के बोर्ड, निगम व आयोगों में नियुक्त अध्यक्ष व उपाध्यक्षगण, जिला कांग्रेस कमेटियों के वर्तमान एवं निवर्तमान जिलाध्यक्षगण, अग्रिम संगठनों के प्रदेशाध्यक्षगण, प्रदेश कांग्रेस के सभी विभागों व प्रकोष्ठों के प्रदेशाध्यक्षगण, कांग्रेस सदस्यता अभियान हेतु नियुक्त स्टेट कॉर्डिनेटर व कॉ-कॉर्डिनेटर, सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश कॉर्डिनेटर सहित प्रदेश कांग्रेस कमेटी में स्थापित नियंत्रण कक्ष के सदस्यगणों ने भाग लिया। बैठक को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की कार्यसमिति के सदस्य श्री रघुवीर मीणा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. चन्द्रभान, एपीआरओ श्री राजेन्द्र सिंह कुम्पावत, डाटा

Created by Universal Document Converter

एनालिटिक्स के प्रदेश प्रभारी श्री भूपेन्द्र सिंह राजपूत ने भी सम्बोधित किया। बैठक में मंच संचालन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय सचिव श्री ललित तूनवाल ने किया।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता श्री स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि बैठक के पश्चात् राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में बैठक में उपस्थित रहे कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री आवास जाकर बजट 2022-23 में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा दिनांक 19 फरवरी, 2022 को जयपुर के बिड़ला सभागार में आयोजित प्रदेश स्तरीय अधिवेशन में पारित बजट सुझाव प्रस्तावों को समाहित करने पर मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया।

प्रवक्ता श्री स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा तथा संगठन चुनाव हेतु नियुक्त प्रदेश चुनाव अधिकारी श्री संजय निरूपम कल दिनांक 24 मार्च, 2022 को भरतपुर के यूआईटी ऑडिटोरियम में सदस्यता एवं संगठनात्मक चुनाव को लेकर संभाग स्तरीय बैठक लेंगे। जिसमें भरतपुर संभाग के सभी जिलों के डिजीटल सदस्यता अभियान से जुड़े चीफ एनरोलर, बूथ एनरोलर, सभी निवर्तमान जिलाध्यक्षगण, निवर्तमान जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारीगण, विधायकगण, प्रत्याशीगणों सहित जिलों के प्रमुख कांग्रेसजन भाग लेंगे।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 23 मार्च।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्व. श्री शोभाराम जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गांधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर प्रातः 11 बजे पुष्पांजलि कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, कोषाध्यक्ष श्री सीताराम अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रीमती नसीम अख्तर इंसाफ, पूर्व सांसद श्री अश्कअली टाक, सचिव मुख्यालय श्री ललित तूनवाल, श्री रामसिंह कस्वां, सचिव श्री जसवंत गुर्जर, श्री देशराज मीणा, श्री महेन्द्र सिंह खेड़ी, श्री राजेन्द्र यादव, श्री महेन्द्र सिंह गुर्जर, श्री प्रशान्त सहदेव शर्मा, श्री निम्बाराम गरासिया, चेयरमेन श्री मुमताज मसीह, डॉ. अर्चना शर्मा, श्री सीताराम लाम्बा, श्रीमती संगीता बेनीवाल, वाईस चेयरमेन श्री सुशील पारीक, श्री चुन्नीलाल राजपुरोहित, श्री आबिद कागजी, श्री शंकरलाल मीणा, श्री मोहन जेवरिया, श्री वीरेन्द्र पूनियां, श्री अयूब खान, श्री गोपाल केसावत, श्री धनसिंह नरूका, श्री रामकरण कुमावत, श्री ओमप्रकाश जैदिया, श्री हवासिंह बुगालिया, श्री जयकिशन वर्मा, श्री दीपक धीर, श्री वसीम खान, श्री सत्येन्द्रसिंह जादौन तथा स्व. श्री शोभाराम जी के परिवारजन श्री एम.एल. कुमावत सहित अनेक कांग्रेसजनों ने स्व. श्री शोभाराम जी के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजली अर्पित की।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter